तापमान
अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

12 अंबाला से जालंधर तक 153 किमी लंबी बनेगी रेलवे लाइन



12 दुकानदारों के बाहर अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई



## खबर संक्षेप

### सिरफिरे आशिक से दुखी युवती ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पानीपत की अर्जुन कालोनी में सिरफिरे आशिक से परेशान युवती ने अपने घर पर फंदे पर लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने युवती की मां की शिकायत पर अनिल नामक युवक पर उनकी बेटी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया। मां का आरोप है कि अनिल, उनकी पुत्री को फोन कर परेशान करता था और उससे मिलने का दबाव बनाता था, इंकार करने पर धमकाता था।

### पत्नी की हत्या के प्रयास का आरोप, मामला दर्ज

**पानीपत।** नलवा कालोनी निवासी ज्योति ने अपने पति सुनील, इसकी माता शशि पर उसे जबरन जहरीली गोलियां खिला कर उसकी हत्या की साजिश रची। ज्योति को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां वह उपचाराधीन है। वहीं सुनील ने ज्योति से लव मैरिज की थी और दोनों के दो बच्चे है। इधर, ज्योति का आरोप है कि सुनील के के दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध हैं। इसका विरोध करने पर उसकी हत्या की चेष्टा की गई।

### बिजली निगम के स्टोर से हजारों का सामान चोरी

**पानीपत।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम गांव मतलौडा के स्टोर से चोरों ने हजारों रूपये कीमत का बिजली संबंधी सामान चोरी कर लिया। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने स्टोर में सामान रखा था। वहीं चोरी स्टोर की खिड़की की जाली तोड कर सामान चोरी कर ले गए। एसडीओ बिजली निगम की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहन के घर से किशोरी लापता, मामला दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव डाहर में अपनी बहन की ससुराल में रह कर पढाई कर रही किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। लड़की स्कूल से किताब लेने गई थी। लेकिन वह शाम तक जब वापस नहीं लौटी तो बहन व जीजा ने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली।

### शराब की तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने नफे सिंह पुत्र किदार सिंह निवासी गांव डिंगर माजरा जिला करनाल को और थाना शहर पुलिस ने रहिमुद्दीन पुत्र कुर्बान निवासी अतखुरीया उत्तर दीनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल निवासी शास्त्री कॉलोनी को शराब की तस्करी के आरोप में पकडा है।

### 1.800 किलो गांजा की तस्करी में आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने 1 किलो 800 ग्राम गांजा की तस्करी के आरोप में गंगाराम कॉलोनी निवासी रणजीत पुत्र सुरेंद्र को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट के केस में कोर्ट में पेशी पर आया था बदमाश, हुई फायरिंग

# जिला कोर्ट के बाहर बदमाश व वकील को बाइक सवार युवकों ने गोली मारी

### रेहड़ी पर खा रहे थे फ्रूट चाट, अस्पताल में कराए दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

- बदमाश हैप्पी पर 4 से 6 राउंड फायर किए गए

जिला कोर्ट के बाहर एक बदमाश और वकील को गोलियां मार कर आरोपी फरार हो गए। दोनों कोर्ट के बाहर रेहड़ी पर फ्रूट खा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर दो युवक आए और पांच से छह राउंड फायरिंग कर दी। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

घायल बदमाश हैप्पी घरौंडा का रहने वाला है। उसके ऊपर चार केस दर्ज हैं, जिनमें वह जेल काट चुका है। वह एक केस में कोर्ट में पेशी पर आया था। वहीं घायल वकील गुरविंद्र पानीपत का रहने वाला है। वह करनाल में वकील से मिलने आया था। घटना बुधवार दोपहर को डेढ़ बजे करनाल के सेक्टर 12 स्थित कोर्ट के बाहर सामने हुई।

हैप्पी घरौंडा थाने में दर्ज मारपीट के केस में कोर्ट में पेशी पर आया था। वह कोर्ट में पेशी के बाद वकील विक्रम के चैंबर में आया। इसके बाद हैप्पी दोस्तों के साथ कोर्ट के बाहर एक रेहड़ी पर फ्रूट चाट खाने चला गया। उसी के पास पानीपत के वकील गुरविंद्र खड़े थे। वह भी रेहड़ी पर फ्रूट खा रहे थे।



करनाल। मौके पर जमा भीड़। फोटो : हरिभूमि

#### फायरिंग कर फरार हुए

इसी दौरान स्प्लेंडर बाइक पर 2 युवक आए। पीछे बैठे युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि बाइक चला रहे युवक ने मुंह पर सफेद रंग का कपड़ा ढका हुआ था। उन्होंने बाइक रोकने के बाद हैप्पी पर निशाना लगाया और 4 से 6 राउंड फायर किए। इसके बाद फरार हो गए। बदमाश को 2 और वकील को एक गोली लगी। हैप्पी की टांग व पेट में और गुरविंद्र को पेट में गोली लगी। दोनों लहूलुहान हो गए और जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में दोनों को अमृतधारा अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

#### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी राजीव और सिविल थाना श्रीभगवान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर दी है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। वकील गुरविंद्र सिंह के साथ बैठे उनके रिश्तेदार सतविंदर सिंह ने बताया कि हम यहां पर बैठकर फ्रूट खा रहे थे। एकदम से गोलियां चली और मेरे मामा के लडक़े गुरविंद्र सिंह ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि कहीं से ब्लीडिंग हो रही है। जब देखा तो उनको भी गोली लगी हुई थी। उनको हम अस्पताल में लेकर चले गए। गुरविंदर पानीपत में वकील हैं। यहां किसी वकील से मिलने के लिए आए थे।

#### हैप्पी पर 4 केस दर्ज

जेल काट चुके हैप्पी पर चार मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें 2 घरौंडा थाने और 2 केस करनाल के सिविल लाइन थाने में दर्ज हैं। इनमें अपहरण, अवैध असला रखने, धोखाधड़ी और मारपीट के मामले शामिल हैं। इन मामलों में वह जेल भी काट चुका है। घरौंडा के एक केस में हैप्पी बरी भी हो चुका है।

## जमानत पर आए आरोपी से चोरी की दो बाइक जब्त



यमुनानगर। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

- आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बाइक चोरी के मामले में जमानत पर जेल से बाहर आए एक युवक से चोरी की दो बाइकें बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक जो बाइक चोरी के मामले में जेल में था और जमानत पर आया हुआ है। उससे चोरी की और बाइक भी बरामद हो सकती है। इस सूचना पर ने आरोपी को प्रताप नगर बस स्टैंड से गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान गांव भंगेड़ी निवासी अफजल के रूप में हुई। आरोपी ने पूछताछ के दौरान दो बाइक चोरी का खुलासा किया। आरोपी ने एक बाइक गत चार जनवरी को थाना बिलासपुर क्षेत्र से चोरी की थी। इसके अतिरिक्त आरोपों से एक और बाइक बरामद हुई है जिसकी पूछताछ जारी है और पता लगाया जा रहा है कि यह बाइक उसने कहां से चोरी की थी।

## आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर महिला से हड़पे 7.28 लाख

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर सबलपुर निवासी नीलम वर्मा से सात लाख 28 हजार रुपये लेकर हड़प लिए गए। आरोप पंजाब के जिला पटियाला के सरहद रोड हरिंद्र नगर निवासी मनप्रीत चहल पर लगा है। नीलम अपनी लड़की शिवानी को विदेश भेजना चाहती थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

सबलपुर निवासी नीलम वर्मा ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी बेटी शिवानी विदेश जाना चाहती थी। इसके लिए फेसबुक पर आए एक विज्ञापन के माध्यम से पटियाला की फर्म में बात हुई। फर्म के संचालक पंजाब के जिला पटियाला के सरहद रोड हरिंद्र नगर निवासी मनप्रीत चहल ने उनकी बेटी को ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा दिया। उसने आस्ट्रेलिया का वीजा लगवाने के लिए 15 लाख रुपये का खर्च बताया। उसकी बातों में आकर उन्होंने उसे बेटी के दस्तावेज दे दिए। इसके बाद अलग-अलग कर लगभग 10 लाख 28 रुपये दे दिए।

#### फोन उठाना बंद किया

बाद में आरोपी ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। उन्होंने आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस केस के डर से आरोपी मनप्रीत ने तीन लाख रुपये वापस कर दिए। जबकि सात लाख 28 हजार रुपये वापस नहीं किए। दोबारा रुपये मांगने पर आरोपी उन्हें धमकी देने लगा।

## स्टेडियम में अव्यवस्था को देखकर खेल अधिकारी पर भड़के मंत्री

- बोले, दो माह में व्यवस्था दुरूस्त नहीं की तो होगी कार्रवाई
- खेल मंत्री गौरव गौतम ने बसताड़ा खेल स्टेडियम का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता एवं खेल मंत्री गौरव गौतम ने बुधवार को चंडीगढ़ से समालखा जाते समय बसताड़ा गांव स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया और स्टेडियम की खस्ता हालत को देखकर जिला खेल अधिकारी पर भड़के। उन्होंने कहा कि आगामी दो महीने में स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने निरीक्षण के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए कृत-संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित खेल स्टेडियमों में भी खिलाड़ियों के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर रही है। ताकि युवाओं को गांव स्तर पर ही अच्छी खेल सुविधा मिले और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रह सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेल स्टेडियम में व्यवस्था को लेकर लापरवाह कोच व खेल अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री ने बताया कि राजीव गांधी खेल स्टेडियम बसताड़ा की कुल मिलाकर काफी खस्ता हालत है। इसको लेकर खेल अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे आगामी दो माह में खेल स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त करेंगे। यहां पर खिलाड़ियों के लिए अच्छा ग्राउंड तैयार करेंगे तथा कोच की भी तैनाती की जाएगी।

यहां पर पीने के पानी, बिजली, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था का भी समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा स्टेडियम में बने हॉल के खिडक़ी, दरवाजे, सफेदी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम को कार्यालयों में बैठकर नहीं बल्कि ग्राउंड में आकर व्यवस्था पर कड़ी नजर रखें और इस कार्य में ग्राम पंचायत का भी सहयोग लिया जाए ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास करते समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली से चंडीगढ़ जाते समय किसी भी समय दो माह के बाद निरीक्षण कर सकता हूं। अगर व्यवस्था ठीक नहीं पाई तो दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।



करनाल। बसताड़ा खेल स्टेडियम का दौरा करते खेल मंत्री गौरव गौतम।

#### खेल नर्सरी की मांग

गांव के सरपंच सुरेश फौजी ने खेल मंत्री गौरव कुमार से बसताड़ा के स्टेडियम में खेल नर्सरी स्थापित करने की मांग की। इस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि निर्धारित मापदंडों के अनुसार यहां पर खेल नर्सरी स्थापित करवा दी जाएगी। सरपंच ने गांव के खेल स्टेडियम की दुर्दशा को लेकर भी मंत्री से शिकायत की कि खेल विभाग के अधिकारी पंचायत को सहयोग नहीं करते हैं। इस पर भी मंत्री ने मौक पर ही जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायत का सहयोग लें और खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम में अच्छी व्यवस्था करवाएं। इतना ही नहीं स्टेडियम में तुरंत प्रभाव से कोच भी तैनात किए जाएं।

## ठेके की छत फाड़कर चोरी करने के प्रयास में दो सगे भाई गिरफ्तार

- तीसरे आरोपी रोहित को पहले गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस
- आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

खेडी लक्खा सिंह चौकी प्रभारी शमशेर राणा ने बताया कि गत 22 फरवरी को गांव मिल्कीपुर जिला अयोध्या निवासी दिलीप सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह गांव रापोली के शराब के ठेके पर सेल्समैन की नौकरी करता है।

21 फरवरी की रात को वह ठेका बंद करके ठेके के अंदर सो रहा था। रात के समय तीन युवक ठेके की छत फाड़कर चोरी करने की नीयत से ठेके में घुसने की कोशिश कर रहे थे। जब उसने शोर मचाया तो तीनों युवक मौके से भाग गए। इस शिकायत पर एएसआई राम कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान गांव कांजी बांस निवासी रजत कुमार व राकेश कुमार के रूप में हुई।

जांच अधिकारी ने बताया कि इस मुकदमे में 23 फरवरी को आरोपी रोहित कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## पिस्टल व दो जिंदा कारतूस समेत युवक व सप्लायर गिरफ्तार

- जमीन के रिकॉर्ड की जांच के दौरान हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

सीआईए वन पुलिस टीम ने साढौरा अनाज मंडी के पास से एक युवक को अवैध पिस्टल व दो जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया है।

पूछताछ के बाद पुलिस ने अवैध पिस्टल की सप्लाई करने वाले सप्लायर को भी काबू कर लिया। पदोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इंचार्ज वरिंद्र वालिया ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ अनाज मंडी साढौरा के पास घूम रहा है।टीम ने तुरंत मौका पर पहुंचकर एक युवक को काबू किया। जब उसकी तलाश ली गई तो उसके पास से एक अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव नया गांव साढौरा निवासी आसिफ के नाम से हुई। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसने यह अवैध पिस्टल व कारतूस महावीर कॉलोनी फर्कपुर निवासी अभिषेक से लिया था। पुलिस ने अभिषेक को भी गिरफ्तार किया।




### 14 को मोदी करेंगे थर्मल पावर प्लांट की नई यूनिट का शिलान्यास

# पीएम के आगमन को लेकर अधिकारियों को निर्देश

- समय रहते सभी कार्य पूरा करवाएं अधिकारी : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर दौरे को लेकर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को समय रहते सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ध्यान रहे कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर आएंगे। जहां पर दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की नई यूनिट का शिलान्यास करेंगे। निगम आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व शहर का विशेष रूप से सौंदर्यीकरण किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न जिलों व राज्यों से शहर आने वाले सभी मार्ग चकाचक हो। जो मार्ग क्षतिग्रस्त हैं उन्हें तुरंत ठीक कराएं। डिवाइडर दुरुस्त कर उन्हें पेंट कर चमकाए। सड़क किनारे समतल कर बर्म ठीक कराएं। सभी चौकों पर जेब्रा क्रॉसिंग व सड़क सुरक्षा संबंधित अन्य मानक पूरे किए जाए। पेड़ों की ट्रिमिंग कर छह फुट तक सफेद पेंट कर उन्हें सुंदर रूप दें। सड़कों के डिवाइडर पर लगे ग्रिल व पुराने स्ट्रीट लाइट पोल पर पेंट कर चमकाया जाए। इन सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने में किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें। उन्होंने निगम अधिकारियों को तेजली रोड, लाल द्वारा मार्ग, रेलवे रोड, गोविंदपुरी मार्ग, वर्कशॉप रोड व अन्य मार्गों की सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी अधिकारी 14 अप्रैल तक गंभीरता से इस कार्य को करें। तब तक किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को कोई अवकाश नहीं मिलेगा। यदि किसी की भी लापरवाही सामने आई तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश देते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता सुखविंद्र सिंह, कार्यकारी अभियंता नरेंद्र सुहाग, एटीपी आशीष, निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, दीपक सुखीजा, राजेश कुमार, सीएसआई सुनील दत्त, सीएसआई हरजीत सिंह व शशि गुप्ता आदि मौजूद रहें।

### डंपर व गाड़ी की टक्कर में सात लोग घायल

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद में बुधवार सुबह डंपर ने श्रद्धालुओं से भरे छोटे हाथी में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना मे 2 श्रद्धालुओं को गंभीर चोटें आईं, जबकि 5 को कम चोटें आई हैं। एक्सीडेंट के बाद डंपर ड्राइवर ने मौके से भागने की कोशिश की, मगर डंपर बंद हो गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने उसे पकड़ लिया।

नवरात्रि पर्व के चलते बाबैन से गाड़ी में करीब 15 श्रद्धालु मनसा देवी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। शाहाबाद के रास्ते में 4-5 श्रद्धालु और गाड़ी में चढ़ गए। सुबह करीब साढ़े 4 बजे श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी साहा रोड पर पहुंची, तो तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। इसमें 1 श्रद्धालु का सिर फट गया। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर डंपर को भगाने लगा, मगर डंपर बंद होने से श्रद्धालुओं ने उसे काबू कर पुलिस को सूचना दी।

## फर्जी कागजात बना नशे के आरोपी को जमानत दिलवाई

- जमीन के रिकॉर्ड की जांच के दौरान हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नशे के केस में एक आरोपी को फर्जी कागजात पर जमानत दिलाने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त मेजर जनरल जुगेश चौधरी ने कोर्ट को दी शिकायत में बताया कि 2 मार्च 2022 को दर्ज एफआईआर के तहत एक आरोपी शत्रुघ्न डांगी पुत्र सहदेव महतो को जमानत देने के लिए उनकी जमीन के जाली कागजात बनाए गए।

उन्होंने बताया कि जब वह अपनी जमीन के रिकॉर्ड (जमाबंदी) की जांच कर रहे थे, तो पाया कि उनकी जमीन को कोर्ट में जमानत के लिए गिरवी रखा गया था। यह कागजात किसी जोगेश नामक व्यक्ति ने आधार नंबर के आधार पर फर्जी तरीके से तैयार किए थे। न किसी को जमानत दी, न किसी को जानता हूं मेजर जनरल जुगेश चौधरी ने साफ किया कि उन्होंने कभी किसी व्यक्ति के लिए जमानत नहीं दी और न ही शत्रुघ्न डांगी या जोगेश नामक व्यक्ति को जानते हैं।

#### जांच की मांग

पीड़ित ने अदालत से मांग की कि इस मामले की गहराई से जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, उनकी जमीन को इस मामले से अलग किया जाए ताकि वह भविष्य में इसका उपयोग कर सकें। पुलिस ने सेशन कोर्ट के आदेश के तहत जांच की। जांच में यह मामला फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत लेने से जुड़ा पाया गया।

**खबर संक्षेप**

## दुर्गा अष्टमी पर भंडारा पांच अप्रैल को रादौर में

**रादौर।** रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित संतोषी माता के मंदिर में शनिवार पांच अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सचिव राकेश शर्मा, रमेश शर्मा व राजेश शर्मा ने बताया कि दुर्गाष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाले भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि शहर के लोगों की सुख शांति व अच्छी फसल की कामना को लेकर हर वर्ष अष्टमी के अवसर पर माता के मंदिर में भंडारे का आयोजन लंबे समय से होता आ रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे भंडारे में पहुंचकर प्रसाद अवश्य ग्रहण करें।



## सविता मदान को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** भगवती बाला सुंदरी मंदिर के प्रांगण में प्रातःकाल की प्रभातफेरी में शिक्षक रत्न से सम्मानित कुमारी सविता मदान को मंदिर सभा के सदस्यों द्वारा स्मृति चिहन देकर सम्मानित किया गया। प्रभातफेरी में सविता मदान ने सुंदर-सुंदर भेंटों की प्रस्तुति दी जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। सविता मदान ने भक्तों से आग्रह किया कि वे नवरात्र में कन्या पूजन करे। नवरात्रि में कन्या पूजन करने मां अंबे प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों की सभी मुरादें पूरी करती हैं।

### तालाबों में किए गए कार्य से संतुष्ट नजर आए टीम के सदस्य

# अमृत सरोवर तालाबों का निरीक्षण

**हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष के मुख्य सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा ने बताया कि शेष अमृत सरोवरों के कार्यों के निर्माण हेतु सरकार द्वारा राशि शीघ्र जारी कर दी जाएगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष के मुख्य सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा ने नगर निगम यमुनानगर व पंचायती राज तथा सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण करवाए जा रहे अमृत सरोवर तालाबों का निरीक्षण किया। मौके पर उनके साथ सहायक वैज्ञानिक कृष्ण व अनुभाग अधिकारी असुतोष बंसल भी मौजूद रहे।



यमुनानगर। तालाबों का निरीक्षण करती टीम। फोटो : हरिभूमि

सबसे पहले मुख्य सलाहकार प्रभाकर वर्मा पंचायत राज द्वारा निर्मित गांव पलाका में पहुंचे। जहां उन्होंने तालाब का निरीक्षण किया। इसके उपरांत गांव खेड़ी लखा सिंह, कलावड़ व पंजेटों में निर्माण किए जा रहे अमृत सरोवरों का मौका निरीक्षण किया गया। टीम निर्माण कार्य की प्रगति से पूर्ण संतुष्ट नजर आए। हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष के मुख्य सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा ने बताया कि शेष अमृत सरोवरों के शेष कार्यों के निर्माण हेतु सरकार द्वारा राशि शीघ्र जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया गया कि तालाबों के निर्माण से न केवल तालाबों की पानी इकट्ठा करने की क्षमता बढ़ गई है साथ ही तालाबों का ओवरफ्लो भी बंद हो गया है।

अमृत सरोवर तालाबों के सौंदर्यीकरण हेतु अमृत सरोवर प्लस योजना के तहत मार्ग पाथवे, प्लांटेशन, फेन्सिंग लाईट व ट्रेन्चिस के कार्य करवाए जा रहे है ताकि तालाबों का पानी स्वच्छ होकर सिंचाई व मछली पालन के उपयोग में लाया जा सके। मौका निरीक्षण उपरांत टीम तकनीकी अधिकारियों की एक बैठक ली गई। जिसमें उनके द्वारा तालाबों के निर्माण कार्य की प्रगति का रिव्यू किया गया। मौके पर कार्यकारी अभियंता पंचायती राज लव कुमार, उप मंडल अधिकारी पंचायती राज जगाधरी राजेश शर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



यमुनानगर। रादौर में वीआईपी कॉलोनी में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तारें।

## घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन तारें

**रादौर।** रादौर की वीआईपी कॉलोनी के लोग बिजली निगम की हाई टेंशन तारों के गुजरने से काफी परेशान हैं। कॉलोनी वासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान आज तक नहीं किया गया।

- **लोगों को हर समय बना है जान का खतरा, बिजली निगम की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में रोष**

जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में रोष है। स्थानीय निवासियों राजेश, प्रदीप कुमार, लक्ष्मी, सौरभ, गौरव व सुखदेव आदि ने बताया कि बिजली निगम की हाई पावर की तारें उनके घरों की छतों के ऊपर से जा रही हैं। जिस कारण वे अपनी छतों पर भी नहीं चढ़ सकते। हाई टेंशन तारों के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस बारे में उन्होंने कई बार संबंधित विभाग को अवगत भी करवाया लेकिन बिजली निगम के कर्मचारियों ने तारों को हटवाने में कोई रूचि नहीं दिखाई। इसी के चलते स्थानीय लोगों में निगम की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। उन्होंने बिजली मंत्री अनिल विज व प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द उनके घरों के ऊपर से जा रही हाईटेंशन तारों को हटवाया जाए। ताकि वे भी अपने परिवार के साथ सुरक्षित रह सकें।

## नवरात्र के चौथे व पांचवें दिन मां कूष्मांडा व मां स्कंदमाता की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नवरात्र के चौथे व पांचवें नवरात्र पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर मां कूष्मांडा व मा स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नतें मांगी। सुबह से ही श्रद्धालु शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर समेत जिले में स्थित मां के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान मां के भक्तों ने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, बाला सुंदरी मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर, त्रिलोकपुर स्थित मां के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं, कई स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन कर मां का गुणगान किया गया। इसके अलावा मां के जागरण भी हुए।

- **मंदिरों में माता के दरबार में पहुंचकर मां के भक्तों ने चढ़ाया नारियल और चुनरी, कई स्थानों पर हुए भजन कीर्तन**



यमुनानगर। प्राचीन श्री देवी मंदिर में भजन कीर्तन कर मां का गुणगान करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

***अमोघ फल देने वाली है मां कुष्मांडा:*** प्राचीन श्री देवी मंदिर के पुजारी ने बताया कि मां कुष्मांडा को सौरमंडल को सौरमंडल को नियंत्रित करने वाले सर्वोच्च देवी के रूप में पूजा जाता है। मां का यह स्वरुप अमोघ फल देने वाला है।

## गैर कानूनी धंधा करने वालों पर विशेष नजर रखने के निर्देश

- **रादौर थाना प्रभारी ने ली खेड़ी लक्खा सिंह चौकी के पुलिस कर्मचारियों की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

थाना रादौर प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बुधवार को पुलिस चौकी खेड़ी लक्खा सिंह के प्रांगण में कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में चौकी में तैनात सभी अनुसंधान अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि गैर कानूनी धंधा करने वालों तथा अपराध व अपराधियों की खोज खबर लेकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। आदतन अपराधियों को समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें।



यमुनानगर। खेडी लक्खा सिंह पुलिस चौकी में कर्मचारियों की बैठक लेते थाना रादौर प्रभारी नरेंद्र राणा। फोटो : हरिभूमि

महिला विरुद्ध अपराधों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करें।

उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम विंडो, सीएम विंडो व हर समय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जवाब भेजे तथा थाना में आए फरियादियों की फरियाद सुनकर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं ताकि लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए। आधुनिक टेक्नोलॉजी से अपने आप को पूरी तरह प्रशिक्षित रखें और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की पालना करते हुए मांगे गए जवाब को निश्चित समय अवधि में भेजना सुनिश्चित करें। थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष सावधानी व सतर्कता बरतें। अधिक से अधिक चेकिंग व गश्त की जाए ताकि गृहभेदन व वाहन चोरी जैसी घटनाओं की पुनरावृति न हो।

थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने जनता से अपील की है कि यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे। किसी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर उसकी सूचना दें। ताकि समय रहते हुए घटना पर अंकुश लगाया जा सके। अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## बेसहारा पशुओं को पकड़ने को निगम ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर में बेसहारा घूम रहे गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने बुधवार को अभियान शुरू किया है। निगम की टीम ने शहर में विभिन्न स्थानों से नौ गोवंशों को पकड़कर गोशाला पहुंचाया। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर बेसहारा गोवंशों को गोशाला में पुनर्वास देने के लिए अभियान चलाया हुआ है। इसके लिए जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में टीमें गठित की गई। कुछ माह पहले निगम द्वारा विशेष अभियान चलाकर बेसहारा गोवंशों को पकड़ गोशाला पहुंचाया था। अब फिर से यह अभियान शुरू किया गया है।

- **निगम की टीम ने शहर में विभिन्न स्थानों से नौ गोवंश पकड़कर पहुंचाया गोशाला**



यमुनानगर। बेसहारा गोवंशों को पकड़ती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

सीएसआई सुनील के नेतृत्व में बनी टीम ने जोन दो में औद्योगिक क्षेत्र समेत विभिन्न स्थानों से बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया।

इस दौरान टीम ने यहां आधा दर्जन बेसहारा पशुओं को पकड़ा। निगम कर्मियों ने रस्सियों के माध्यम घेरा डालकर पशुओं को पकड़ा। उन्हें निगम के वाहन में चढ़ाया गया। इसके बाद उन्हें श्री गौशाला कमेटी मटका चौक जगाधरी व दामला गोशाला में पहुंचाया। इसी तरह जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह की टीम ने अंबाला रोड समेत कई स्थानों से बेसहारा पशुओं को पकड़ गोशाला पहुंचाया। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बताया कि निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जल्द ही शहर में घूमने वाले सभी बेसहारा पशुओं को पकड़ा जाएगा। शहरवासियों से अपील है कि यदि उनके आसपास कहीं भी कोई बेसहारा गोवंश घूमता है तो उसकी फोटो खींचकर लोकेशन या पत्ते समेत निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजें। फोटो मिलने के बाद नगर निगम की टीम मौके पर जाकर बेसहारा गोवंश को पकड़ने की कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी शहरवासी गोवंशों का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें खुले में न छोड़े। यदि उन्हें गोवंश को छोड़ने है तो अपनी नजदीक गोशाला में इन्हें छोड़कर आए।



यमुनानगर। मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में आयोजत सेमिनार को संबोधित करते मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को भारतीय सिविल सेवा में करियर बनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मुकंद लाल नेशनल कालेज यमुनानगर के कैरियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल द्वारा कैरियर विकल्प के रूप में भारतीय सिविल सेवा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता आईएएस पंजाब कैडर के डॉ. आदित्य शर्मा उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सिविल सेवा में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

**मुकंद लाल नेशनल कालेज में करियर विकल्प के रूप में भारतीय सिविल सेवा विषय पर सेमिनार का आयोजन**

कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनिल धवन के स्वागत वक्तव्य के साथ हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने और उनको पूरा करने के लिए लगाातार प्रयास करते रहने पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान किसी भी तरह की इच्छा शक्ति में कमी न होने देने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत डॉ. आदित्य शर्मा ने बताया कि लगातार प्रयास करके कोई भी विद्यार्थी भारतीय सिविल सेवा में चयनित हो सकता है। हमें किसी भी तरह की नकारात्मक सोच से बचना चाहिए एवं यूपीएससी की तैयारी समाज सेवा की भावना से प्रेरित होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। उनके द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासा को शांत करने का तरीका बहुत उत्तम एवं लाभप्रद रहा।

इसके पश्चात यूपीएससी पेपर की तैयारी कैसे करें और केस स्टडी को कैसे हल कर सकते है पर अपने अनुभव सांझा करे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नित्या कौशिक, डॉ. वकील सिंह व डॉ. पूजा रानी के निर्देशन में हुआ। मौके पर डॉ. श्री प्रकाश, डॉ. रचना अग्रवाल, डॉ. सविता गर्ग, डॉ. दलबीर सिंह, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. उमंग बरेजा, डॉ. अंकुर, डॉ. रामेश्वर ग्रोच आदि उपस्थित रहे।



यमुनानगर। स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दी में आयोजित हवन यज्ञ में आहुति डालने बच्चे व अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## नए सत्र पर हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दी में नए सत्र के अवसर पर बुधवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों और अध्यापकों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। प्रधानाचार्य दीप माला कांबोज, चेयरपर्सन स्नेह लता व प्रवक्ता विक्रम मेहता ने कहा कि सनातन धर्म में किसी भी काम का शुरू करने से पहले हवन यज्ञ किया जाता है। इसलिए स्कूल के नए सत्र की शुरुआत में हवन यज्ञ किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे सत्र में अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी बच्चों को नए सत्र में पूरी मेहनत के साथ पढ़ने के लिए जोर डाला। उन्होंने कहा कि इस सत्र में सभी विद्यार्थी कम से कम छुट्टियां करें तथा अपनी पढ़ाई को सुचारू रूप से चलाएं। अध्यापक आपके लिए हर समय पढ़ाने को तत्पर है। सभी विद्यार्थियों ने अपने अंदर जिज्ञासा को जगाना है और पढ़ाई को परेशान होकर नहीं बल्कि खुशी से पूरा करना है। मौके पर विजय सैनी, सुनीता सैनी, मनीषा सभरवाल, संगीता शर्मा, रजनी, वंदना राणा तथा अन्य अध्यापक मौजूद थे।

- **स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्रों और अध्यापकों ने डाली हवन यज्ञ में आहुति**

## कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए काउंसिल ने किए अधिवक्ता नियुक्त

### लीगल एड के उप काउंसलर साबर अली चौहान पुलिस स्टेशन सेक्टर-17 बूडिया में नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए काउंसिल ने अधिवक्ता नियुक्त किए हैं। यह अधिवक्ता आरोपी को कानूनी सहायता प्रदान करेंगे।

लीगल एड रक्षा काउंसिल के मुख्य कानूनी सहायता काउंसलर अश्वनी कुमार बतरा ने बताया कि अप्रैल 2025 के लिए जिले में गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए काउंसिल ने अधिवक्ता नियुक्त किए हैं। उन्होंने बताया कि लीगल एड के उप काउंसलर साबर अली चौहान पुलिस स्टेशन सेक्टर-17 हुड्डा व बूडिया में नियुक्त किया गया है। असिस्टेंट एलएडीसी निखिल शर्मा पुलिस स्टेशन सिटी यमुनानगर, महिला थाना व साइबर पुलिस स्टेशन में नियुक्त किए गए हैं। असिस्टेंट एलएडीसी दीपक कुमार पुलिस स्टेशन जीआरपी, आरपीएफ , सदर यमुनानगर, जठलाना व सदर जगाधरी में। अस्टिंट एलएडीसी मुक्तेश सालवान पुलिस स्टेशन गांधी नगर, फर्कपुर व रादौर में। अतिरिक्त एलएडीसी वीरेंद्र कुमार को थाना छप्पर के लिए नियुक्त किया गया है।

**आरोपी गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय ले सकते हैं कानूनी सहायता**

उन्होंने बताया कि एलएडीसी समय-समय पर पुलिस स्टेशनों का दौरा करेगें व किसी भी पुलिस स्टेशन में जाकर या टेलीफोन द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को कानूनी सहायता उपलब्ध करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकार क्षेत्र के किसी भी पुलिस स्टेशन के एसएचओ किसी मामले के बारे में कानूनी सलाह लेने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान

## जनता के कार्यों में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं: मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम महापौर सुमन बहमनी ने बुधवार को जगाधरी नगर निगम कार्यालय पहुंच कर अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर उनका त्वरित समाधान किया जाए। जनता संबंधित कार्यों में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

- **कार्यालय आए हर व्यक्ति का समय पर करें काम**

मेयर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले हर नागरिक की समस्या को ध्यान से सुनें। जो भी उसका कार्य है, उसे समय पर करवाया जाए। ड्यूटी के दौरान कोई भी कर्मचारी व अधिकारी अपनी सीट से गायब न हो। यदि किसी अधिकारी व कर्मचारी को जरूरी कार्य से फील्ड या अन्य कार्यालय में जाना है तो वह मूवमेंट रजिस्टर में समय के साथ अपनी मूवमेंट भरकर जाए। उन्होंने कहा कि निगम की प्राथमिकता में जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान होना चाहिए। किसी भी हाल में सेवा में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। समय पर शहरवासियों के कार्यों को पूरा करना और जनता के सवालों का तुरंत जवाब देना निगम अधिकारियों की प्रमुख जिम्मेदारी है।



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय जगाधरी में अधिकारियों की बैठक लेती महापौर सुमन बहमनी।

मेयर ने इस अवसर पर सभी से सहयोग की अपेक्षा की और निगम की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए उनके योगदान का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वार्ड पार्षदों के साथ तालमेल बनाकर शहर की समस्याओं को दूर करें। जिस वार्ड में जो भी कार्य होने हैं, उन्हें निर्धारित समय पर कराएं। नए विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार कर टेंडर लगाएं। जो कार्य अभी लंबित हैं, उन्हें तुरंत कराकर जनता को सुविधाएं प्रदान करें।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर पार्षद रीना रस्तोगी, अरुण गुप्ता, भानू प्रताप राणा, निगम कार्यालय अधीक्षक एवं जेडटीओ प्रदीप कुमार, निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, सहायक रघुबीर सिंह, सीएसआई हरजीत सिंह, एसआई अमित कांबोज, प्रदीप दहिया, सचिन कांबोज, नरेंद्र, देवास सामल, जतिन व पवन आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### मां भद्रकाली की स्कंदमाता स्वरूप में की पूजा

**कुरुक्षेत्र।** माँ भद्रकाली को नवरात्र की पंचमी पर स्कंदमाता रूप में पूजा गया। इसी क्रम में उपवास कर रहे भक्त ढोल नगाड़ों के साथ मंदिर पहुंचे। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि माँ स्कंदमाता को माँ दुर्गा का मातृत्व परिभाषित करने वाला स्वरूप माना जाता है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक, इनका भक्त, अलौकिक तेज एवं कांति से संपन्न हो जाता है । माँ भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में माँ भद्रकाली जी को गंगाजल स्नान पश्चात हरे वस्त्र पहना श्रृंगार किया गया।

### कुवि ने घोषित किए 14 परीक्षाओं परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 14 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2024 में आयोजित एम.एससी. (बायो-टेक) द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी), बी.एससी. (होम साइंस) द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) (सीबीसीएस), बीसीए द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) नॉन सीबीसीएस, बी.एफएडी द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी), बी.फामेर्सी द्वितीय सेमेस्टर आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### मेडिकल शिविर में 135 मरीजों को जांचा

**पिहोवा।** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से गांव भटेड़ी में नवीन संकल्प शिविर लगाया गया। इसमें ग्रामीणों को मेडिकल व सांसद की ओर से चलाई गई अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में 135 मरीजों की ओपीडी जांच की गई। जबकि 20 के लैब टेस्ट हुए। ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें दवाइयां दी गई। कुल 155 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया । सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की पहल पर शुरू किए गए इन शिविरों में मोबाइल मेडिकल यूनिट भी शामिल है।

## किसानों का मुआवजा करे जल्द जारी : गुरनाम चढूनी

# जमीन के मुआवजे को लेकर किसानों ने धरना किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नेशनल हाईवे-152 के लिए एक्वायर जमीन के मुआवजे को लेकर किसानों ने कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इस दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व जल्द मुआवजा देने की मांग की। धरने मे भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी भी पहुंचे। चढूनी ने कहा कि नेशनल हाईवे 152 के निर्माण के लिए सरकार ने किसानों की जमीन एक्वायर की गई थी, लेकिन कुरुक्षेत्र के किसानों को अब तक पूरा मुआवजा नहीं मिला। इससे नाराज होकर किसान लघु सचिवालय में धरना दे रहे हैं। चेतावनी दी है कि अगर जल्द उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा। नेशनल हाईवे-152 के लिए एक्वायर जमीन के मुआवजे को लेकर किसानों ने प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। किसानों का आरोप है कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बकाया मुआवजा देने के बजाय कोर्ट में केस डाल दिया, जिससे वे और अधिक परेशान हो गए हैं।



**कुरुक्षेत्र।** धरने पर बैठे गुरनाम चढूनी व किसान।

### 11 गांवों के किसानों का मुआवजा अटका

चढूनी ने बताया कि 11 गांवों के किसानों के प्रति एकड़ 26 लाख रुपए का मुआवजा अटका हुआ है। डीसी की अध्यक्षता मे एनएचएआई के अधिकारियों ने किसानों से वादा किया था कि वे मुआवजे के लिए कोर्ट में केस नहीं डालेंगे, लेकिन वादा तोड़ते हुए उन्होंने केस दायर कर दिया। जान-बूझकर किसानों को परेशान किया जा रहा है।

### लगातार धोखा दे रहा है एनएचएआई

चढूनी ने कहा कि बकाया राशि के लिए किसान लगातार संघर्ष कर रहे हैं। पिछले साल फरवरी में किसानों ने हाईवे जाम किया था।

### 4 महीने में देना था मुआवजा, 10 साल बाद भी नहीं मिला

चढूनी ने कहा कि 2014 में सरकार ने नेशनल हाईवे-152 के लिए कुरुक्षेत्र जिले के 11 गांवों की जमीन एक्वायर की थी। नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत किसानों को 100 प्रतिशत सोलैशियम और ब्याज सहित 66 लाख रुपए प्रति एकड़ चार महीने के भीतर देने का वादा किया गया था। उस समय नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 66 लाख में से केवल 45 लाख रुपए किसानों को दिए, लेकिन बाकी पैसा अब तक बकाया है।

उस समय तत्कालीन डीसी शांतनु शर्मा ने किसानों और हाईवे अधिकारियों के बीच बैठक करवाई थी, जिसमें 54 करोड़ रुपए दिलाने पर सहमति बनी थी। इसके बाद मौजूदा डीसी नेहा सिंह भी अधिकारियों के साथ बैठक कर चुकी हैं, लेकिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने हर बार किसानों को धोखा दिया।

# केयू रोस्ट्रम प्रतियोगिता में छवि शर्मा व योगेश कुमार ने पाया प्रथम स्थान

- 18 विभिन्न विभागों के प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में प्रतिष्ठित सार्वजनिक भाषण प्रतियोगिता (रोस्ट्रम) के दूसरे चरण का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 18 विभिन्न विभागों के प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में पहला स्थान कॉमर्स डिपार्टमेंट की छात्रा छवि शर्मा ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के छात्र लक्ष्य कुमार ने हासिल किया और तीसरा स्थान कॉमर्स डिपार्टमेंट की छात्रा संजना ने जीता जबकि यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की छात्रा ख्वाइश और पुस्तकालय विज्ञान विभाग की छात्रा सोनिका, सांख्यिकी विभाग की उर्वी गौतम व कैमिस्ट्री विभाग के सारांश मौर्य को विशेष पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त भूगोल विभाग के योगेश कुमार ने प्रथम, पंजाबी विभाग की खूशबू ने दूसरा व फिजिक्स विभाग की साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एनवायरमेंटल स्टडीज की शोधार्थी नेहा कलोनिया ने स्टूडेंट कम्पेरर का पुरस्कार प्राप्त किया।

### 2 से 4 तक प्रतियोगिता का आयोजन

*लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता 2-4 अप्रैल तक चलेगी। इस प्रतियोगिता के दूसरे चरण में उन छात्रों ने भाग लिया जिन्होंने पहले चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह अवसर प्राप्त किया था। यह आयोजन विश्वविद्यालय की बौद्धिक और अभिव्यक्तिगत क्षमताओं को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*

### नवीन जिन्दल मोबाइल मेडिकल यूनिट से लोग ले रहे लाभ : धर्मवीर



**थानेसर।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट चलवाई जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत ये मोबाइल मेडिकल यूनिट पूरे क्षेत्र के गांवों-कस्बों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रही है। इसी कड़ी में मोबाइल मेडिकल युनिट ने आज सुबह लाडवा हल्के के खानपुर कोलियां में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। इन मोबाइल मेडिकल युनिट के संचालन पर प्रकाश डालते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरूआत की है।

## गेहूं की खरीद को लेकर एसडीएम ने लिया व्यवस्था प्रबंधों का जायजा

- मंडी प्रधान नवीन गर्ग के कार्यालय में हुई अनाज मंडी एसोसिएशन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



अनाज मंडी एसोसिएशन की बैठक एसडीएम कपिल कुमार की अध्यक्षता में मंडी प्रधान नवीन गर्ग के कार्यालय में हुई। इसमें सीजन के दौरान व्यापारियों को होने वाली समस्याओं को दूर करने पर चर्चा हुई। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि गेहूं की खरीद में प्रशासन, व्यापारी, किसान, मजदूर सभी की अपनी-अपनी भूमिका है। सभी वर्गों को आपस में तालमेल बनाकर सीजन को सुचारू रूप से चलना होगा। मंडी के आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके लिए खरीद से लेकर बारदाने की व्यवस्था अगर लिफ्टिंग को लेकर प्लानिंग की गई। एसडीएम ने मार्केट कमेटी अधिकारियों से अनाज मंडी व नई मंडी कुरुक्षेत्र रोड में पानी की व्यवस्था, सफाई, लाइट आदि के प्रबंधों का जायजा भी लिया। मंडी प्रधान नवीन गर्ग ने कहा कि खरीद को सुचारू रूप से चलाने के लिए खरीद एजेंसियों द्वारा आढ़तियों को भराई के लिए पहले से ही बारदाना वितरित कर दिया जाएगा। ट्रांसपोर्टर कृष्ण ग्रोवर से गेंहू उठान को लेकर एसडीएम ने बातचीत की।

# शहर में कानून व्यवस्था पर फोकस रखने के लिए जल्द ठीक होंगे सीसीटीवी : डीसी

- उपायुक्त ने लघु सचिवालय कन्ट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण, 200 से ज्यादा सीसीटीवी को जल्द ठीक करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शहर में ट्रैफिक,कानून व्यवस्था के साथ अब स्वच्छता पर भी सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। इन कैमरों में कैद होने वाले नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा भारी भरकम जुमार्ना भी किया जा सकता है। इस शहर के 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को जल्द से जल्द ठीक करने के आदेश नगर परिषद के अधिकारियों को दिए गए है। इतना ही नहीं इन अधिकारियों को समय अवधि भी निर्धारित करने के लिए कहा है। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को देर सायं लघु सचिवालय के सभागार में कन्ट्रोल का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने लघु सचिवालय में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया और कन्ट्रोल रूम में लगाई गई एलईडी स्क्रीन पर काम कर रहे एक-एक सीसीटीवी कैमरे को चैक किया। इस चैकिंग के दौरान पाया कि करीब 20 कैमरे सुचारू रूप से काम कर रहे थे और बाकी कैमरे बंद थे। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि आगामी कुछ दिनों में बंद पड़े कैमरों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।

## न्यूज डायरी

### लवकुश छात्रावास में यज्ञ के साथ नवीन सत्र शुरू

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन अवासीय विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष हवन और प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। नवागन्तुक छात्रों का तिलक लगाकर विशेष स्वागत किया गया। प्रार्थना सभा के बाद प्रधानाचार्य नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि नया सत्र नए संकल्पों और नए अवसरों का प्रतीक होता है, और सभी विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया विद्यालय में इस वर्ष कई नई शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। तत्पश्चात मुख्य पर्यवेक्षक भास्करानन्द ने छात्रों कों सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी बालक देश का भविष्य है। आप अपने जीवन का निर्माण धर्म समाज और देश को ध्यान रखते हुए करें। उसके बाद सभी शिक्षकों का छात्रों से परिचय कराया गया।



### समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती मां दुर्गा: बंसी पुरी

**पिहोवा।** शिवपुरी रोड़ स्थित गोबिंदानंद आश्रम में महंत बंसी पुरी एवं महंत सर्वेश्वरी गिरी की अध्यक्षता में चल रहे पाठात्मक सहस्त्र चंडी महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी। महायज्ञ के पांचवे दिन नगर के अनेक गणमान्य लोगों द्वारा मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। विद्वान ब्राह्मणों द्वारा प्रातः पूरे विधि विधान से यजमानों से पूजा करवाई गई। महंत बंसी पुरी ने कहा कि मां दुर्गा भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। शास्त्रों में नवरात्रि पर्व में मां दुर्गा की आराधना का काफी महत्व बताया गया है। इनकी भक्ति से भक्त को मोक्ष मिलता है। मंदिर प्रबंधन की ओर से मुख्य यजमानों को स्मृति चिन्ह व प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर में चौथा एवं पांचवा नवरात्र मंदिर कार्यकारिणी सदस्यों व श्रद्धालुओं द्वारा माता की आरती, पूजा अर्चना एवं कन्या पूजन कर मनाया गया। बीती संध्या मुख्य यजमान के रूप में विशांक गुप्ता परिवार ने आरती में भाग लेकर पुण्य कमाया।



### स्वामी विवेकानंद के जीवन से लें प्रेरणा : सुषमा

कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम कॉलेज में इतिहास विभाग के द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल, इतिहास विभाग की सहायक आचार्या डॉ. पुष्पा रही। भगवान परशु राम कॉलेज के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. सुषमा वशिष्ठ ने उनका स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। अपने व्याख्यान युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद पर बोलते हुए डॉ. पुष्पा ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं उतनी ही प्रासंगिक है जितनी 19वीं शताब्दी के दौरान थी। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने ध्येय प्राप्ति के लिए विवेकानंद जी के आदर्श वाक्य उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक कि आप उसे प्राप्त नहीं कर लेते हैं को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। शिकागो सम्मेलन का उदाहरण देते हुए कहा की विश्व बंधुत्व एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा युवाओं को स्वामी विवेकानंद से प्राप्त करनी चाहिए।




### नशे के विरुद्ध बकेट चैलेंज में विद्यार्थियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध बकेट चैलेंज, नमक लौटा अभियान आदि अनेक प्रकल्पों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम अभियान चलाया गया है। इस कड़ी में आज जेनेसिस करुक्षेत्र में नशे के विरुद्ध 436 वां अभियान चलाया गया जिसमें बकेट चैलेंज के माध्यम से शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। जेनेसिस में प्रशासक रविंद्र कौशिक की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में रोबिन सिंह, विपिन बिश्नोई, अनिल पाल सहित छात्र छात्राओं ने भाग लिया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात वे लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र पहुंचे और वहां पर रक्त कोष अधिकारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में 437 वां नशे के विरुद्ध अभियान में बकेट चैलेंज अभियान चलाया गया।



# छात्रों को अत्याधुनिक शोध क्षेत्रों को अपनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा सीनेट हॉल में पूर्व छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बी.वी. रमना रेड्डी; डीन छात्र कल्याण प्रो. दीक्षित गर्ग; पूर्व छात्र प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर प्रो. प्रतिभा अग्रवाल, संकाय सदस्य और उत्साही छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्थान की पूर्व छात्रा सुश्री संध्या सिंह ने एक प्रेरक व्याख्यान दिया। विदित हो की सुश्री संध्या सिंह एनआईटी कुरुक्षेत्र के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की 2005-2009 बैच की पूर्व छात्रा हैं। वह वर्तमान में बीपीसीएल-सीआरडीसी में वरिष्ठ प्रबंधक हैं. सुश्री संध्या सिंह के पास तेल और गैस उद्योग में 15 से अधिक वर्षों का कार्य अनुभव है। वह अक्षय ऊर्जा स्रोतों, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पर अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल हैं। वक्ता सुश्री संध्या सिंह ने एक प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें तेल और गैस उद्योग में कैरियर विकास और विकास पर अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा की। सुश्री संध्या सिंह ने छात्रों को जिज्ञासा और दृढ़ संकल्प के साथ अत्याधुनिक शोध क्षेत्रों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चाहे वह अक्षय ऊर्जा हो, जैव प्रौद्योगिकी हो या कोई अन्य क्षेत्र, छात्रों का जुनून और कड़ी मेहनत उल्लेखनीय खोजों को जन्म दे सकती है।

### नागरिक पानी की एक-एक बूंद बचाने का करें संकल्पः नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को पानी की एक एक बूंद बचाने और सद्उपयोग करने का संकल्प लेना होगा। इस जिलें में जल मित्र बनकर जलशक्ति अभियानः कैच द रेन 2025 को सफल बनाएंगे। इस अभियान को जन आंदोलन बनाना होगा। इस जन आंदोलन के लिए एक-एक नागरिक को पानी के महत्ता और भविष्य में होने वाले जल संकट के प्रति जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि जल संरक्षण एक अभियान, एक आंदोलन, एक क्रांति है। आज जल संचय के जिस उद्देश्य के लिए अभियान की शुरूआत हुई है, यह केवल सरकार की एक योजना का कार्य नहीं है बल्कि यह हमारी आज और आने वाली पीढ़ी के कल के लिए महत्वपूर्ण विषय है।

## हरियाणा सरकार ने बिजली के दाम बढ़ाकर जनता पर डाला बोझ : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** अपने निवास स्थान पर बातचीत करते विधायक अशोक अरोड़ा।

हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के रेट बढाए जाने की निंदा की है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट सत्र के दौरान कहा था कि प्रदेश की जनता पर किसी भी रूप से टैक्स नही बढाया जाएगा लेकिन अभी तो चार दिन ही हुए हैं और प्रदेश की जनता पर बिजली की दरें बढाकर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। वे अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व जिप सदस्य चंद्रभान वाल्मिकी, तरसेम हरियापुर, सतीश टामक व जितेंद्र अटवान भी मौजूद रहे। विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि जिस प्रकार से बिजली की दरें व टोल टैक्स बढाया गया है, यह सरकार का प्रदेश की जनता की हक हलाल की कमाई को लूटने का काम किया है। देश की जनता पहले ही महंगाई की मार झेल रही है। आज आम आदमी को घर चलाना मुश्किल हो रहा है लेकिन पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता पर सरकार द्वारा और वजन डालने का काम किया है। लोकतंत्र मे सरकारें जनता बनाती है और सरकारें जनता के लिए होती हैं।

## निरीक्षण | जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने किया शुगर मिल का अवलोकन

शुगर मिल में किसानों, अधिकारियों व स्टाफ के सदस्यों के साथ की बातचीत

# शाहबाद शुगर मिल गन्ना उत्पादकों के लिए वरदान साबित हो रही : कंवलजीत कौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि शाहबाद शुगर मिल गन्ना उत्पादकों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस मिल में गन्ना लाने वाले हजारों किसान खुश है और मिल प्रबंधकों की तरफ से तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। इतना ही नहीं किसानों और अधिकारियों के प्रयासों से शुगर मिल कई अवार्ड भी हासिल कर चुकी है। जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर बुधवार को शाहबाद शुगर मिल में किसानों, अधिकारियों व स्टाफ के सदस्यों के साथ बातचीत कर रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने शाहबाद शुगर मिल का अवलोकन किया। इस दौरान शाहबाद शुगर मिल के प्रबंधक निदेशक विरेन्द्र चौधरी ने शाहबाद शुगर मिल के हर कक्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों द्वारा मिल में गन्ने के साथ प्रवेश करने से लेकर चीनी बनाकर मार्किट तक भेजने के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही किसानों और अधिकारियों के प्रयासों से हासिल की गई तमाम उपलब्धियों और अवार्ड के बारे में जानकारी दी।

### किसानों को दी शुभकामनाएं

*जिप चेयरमैन ने किसानों और अधिकारियों से शाहबाद शुगर मिल को लेकर सीधा संवाद किया और किसानों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसान देश के अन्न दाता है। इन किसानों की मेहनत के कारण ही गन्ने की उपज पैदा होती है और इस गन्ने से चीनी और अन्य उत्पाद पैदा होते है। जिनका सेवन हर नागरिक कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के प्रयासों से गन्ना उत्पादकों को निर्धारित समय के अंदर फसल का भुगतान किया जा रहा है और किसानों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। इस मिल ने किसानों के कारण ही हरियाणा ही नहीं पूरे देश में अपनी एक पहचान बनाई है। शुगर मिल के एमडी विरेन्द्र चौधरी ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसानों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों के कारण ही शाहबाद शुगर मिल लगातार उपलब्धियों की ओर अग्रसर है। इस मौके पर निदेशक नैब कौर, मिल के मुख्य अभियंता सतबीर सिंह सैनी व मिल के अन्य अधिकारी,कर्मचारी मौजूद थे।*

## खबर संक्षेप

### प्राचार्या डॉ. भारती ने किया पदभार ग्रहण

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने अपने पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने उनकी अगवानी की।भारती ने संबोधन में छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर बल देते कहा कि वे अपनी पढ़ाई के प्रति समर्पित रहें और लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

### भर्ती के लिए 10 तक ऑनलाइन आवेदन

**अंबाला।** सेना भर्ती कार्यालय ने वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय सेना अग्निवीर योजना के लिए भर्ती प्रक्रिया के लिए जो ऑनलाइन पंजीकरण 12 मार्च को शुरू किया था। 10 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया जारी रहेगी। इस भर्ती के लिए अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला, साथ ही केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष उम्मीदवारों और दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### नैंसी ने जीती पीपीटी निर्माण प्रतियोगिता

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज की बीए मनोविज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी ने डीएवी कॉलेज, अंबाला सिटी द्वारा आयोजित एक अंतर-कॉलेज राज्य स्तरीय ऑनलाइन पीपीटी निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीतकर अपने संस्थान को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के विभिन्न कॉलेजों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अनुपमा ने नैंसी की उपलब्धि की सराहना की।

### शराब तस्करी मामले में दो अन्य आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी आशीष को कुल 5400 बोतल के साथ काबू किया था। आरोपी ट्रक में चोरीछुपे शराब तस्करी कर ले जा रहा था। इस मामले में अब पुलिस ने जींद के कलौंदा गांव के अजय कुमार व हिसार के गांव पनियारी के संजय कुमार को भी काबू किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लिया है।

### मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरमीत सिंह, सुशील व पिंकी कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 मार्च को आरोपी गुरमीत सिंह, पिंकी कुमार व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए चोट पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हत्या के मामले में मुख्य आरोपित समेत दो दबोचे

**अंबाला।** लालपुर गांव में हुई दुकानदार की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। सीआईए-शहजादपुर ने गांव लालपुर के ही मुख्य आरोपी प्रतीक उर्फ आर्यन को पहले इस मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसे छह दिन के रिमांड पर लिया था।

लंबित योजनाओं को पूरा करवाने के लिए हरकत में आए विधायक, कमिश्नर से मुलाकात

# विधायक ने कमिश्नर को बिना भेदभाव के योजनाओं को पूरा करवाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। निगम कमिश्नर से मुलाकात करते विधायक निर्मल सिंह। फोटो :हरिभूमि

अंबाला शहर की लंबित योजनाओं को पूरा करवाने के लिए विधायक निर्मल सिंह पूरी हरकत में दिख रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने निगम अधिकारियों पर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है। इन योजनाओं को लेकर मंगलवार को पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने नगर निगम कमिश्नर सचिन गुप्ता से मुलाकात की। विधायक ने कमिश्नर को बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं को पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने विधायक निर्मल सिंह को जल्द सभी योजनाएं पूरा करवाने का ठोस आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कमिश्नर को अंबाला शहर में लंबे समय से लंबित योजनाओं पर तुरंत काम शुरू करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से अंबाला शहर की जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी ये योजनाएं किसी न किसी वजह से रुी पड़ी है। इसकी वजह से अंबाला शहर की जनता को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें राजनीति से उपर उठकर इन योजनाओं का पूरा करवाना है ताकि जनता के लिए बनी ये योजनाएं जनता को ही समर्पित की जा सके। विधायक ने कमिश्नर ने कई रिहायशी कॉलोनियों में ठप पड़ी ड्रेनेज व्यवस्था को चालू करने, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को चालू करवाने के साथ ही पूरे शहर की सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता की ये बुनियादी समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर दूर होनी चाहिए। खासतौर पर विधायक ने बरसाती सीजन से पहले ही नालों की सफाई के आदेश भी दिए। उन्होंने कहा कि अगर निगम की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरा कर नालों की सफाई का काम शुरू किया गया तो उम्मीद है कि इस बार रिहायशी कॉलोनियों में बाढ़ की स्थिति पैदा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिन रिहायशी कॉलोनियों में बाढ़ की स्थिति पैदा होती है उन कॉलोनियों में पानी निकासी के पुख्ता बंदोबस्त भी भी किए जाएं। निगम सदस्य मिथुन वर्मा, ईशु गोयल, हरजीत सिंह बब्बल, बलजिंद्र कांबोज, अशोक सोनी, देवेंद्र वर्मा,कुलदीप सिंह गुल्लू,विनोद धीमान,नैब सैनी, रोबिन खोड़ा,धर्मपाल चड्ढा,नरेंद्र पाली, टहल राम, देवेंद्र गुप्ता हैप्पी, सरदार महिंद्र सिंह,सोनू आनंद,देवेंद्र बजाज, नवीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### 24 हजार स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं

विधायक निर्मल सिंह ने निगम कमिश्नर से तुरंत सभी रिहायशी कॉलोनियों में 24 हजार स्ट्रीट लगवाने की भी बात भी कही। उन्होंने कहा कि खरीद के बावजूद निगम की ओर से इन लाइटों को लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए क्योंकि इसकी वजह से ज्यादातर कॉलोनियों में अंधेरे की स्थिति है। उन्होंने कहा कि हर कॉलोनी में ये लाइटें लग जाने से बरसाती सीजन में लोगों को किसी तरह की समस्या का सामना नही करना पड़ेगा।

### बैंड बजाकर नए छात्रों का किया भव्य स्वागत

**शहजादपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानपुर ब्राह्मण में मंगलवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल में प्रवेश लेने वाले सभी बच्चों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी गतिविधियों में भाग लेने तथा लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इस अवसर पर पीटीआई राजकुमार के मार्गदर्शन में स्कूल के बच्चों ने स्कूल बैंड पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। पीटीआई राजकुमार ने प्रवेश उत्सव में बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि वे पढाई के अलावा, शारीरिक गतिविधियों जैसे खेल एवं योगा में अवश्य भाग ले जिससे कि वे स्वस्थ रहे और उनमें आगे बढने की भावना जागृत हो।

रेलवे लाइन बिछाने का काम प्रारंभ, ट्रेनों की आवाजाही होगी बेहतर

# अंबाला से लुधियाना-जालंधर तक 153 किमी लंबी बिछाई जाएगी रेलवे लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**डीसी ने रेलवे अधिकारियों से कार्य योजना की विस्तार से ली जानकारी, दिल्ली से अंबाला तक भी बिछाए जाएंगे दो नए ट्रैक**




अंबाला। प्रस्तावित रेलवे ट्रैक को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते डीसी अजय सिंह।

अंबाला से लुधियाना-जालंधर तक लगभग 153 किलोमीटर लंबी तीसरी रेलवे लाइन बिछाने को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई। मंगलवार को इस सिलसिले में डीसी अजय सिंह तोमर ने रेलवे अधिकारियों के साथ मीटिंग की। उपायुक्त ने अंबाला से लुधियाना-जालंधर तक प्रस्तावित रेलवे लाईन (ट्रैक) को लेकर होने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। रेलवे की कंस्ट्रक्शन विंग के एक्सईएन निर्मल सिंह ने बताया कि दिल्ली से अंबाला तक दो नए ट्रैक बनाए जाने प्रस्तावित हैं। अंबाला से लुधियाना-जालंधर तक भी तीसरी अतिरिक्त रेलवे लाईन (ट्रैक) बनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन ट्रैकों के बनने से रेलवे से ट्रेनों के आवागमन में आसानी होगी। समयबद्ध तरीके से ट्रेनें अपने स्थानों तक पहुंच पाएंगी। इसके साथ-साथ नई ट्रेनों का आवागमन भी इस ट्रैक के माध्यम से होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला-दिल्ली रेलवे लाईन पर दो ट्रैक बने हुए हैं लेकिन समय अनुसार अब इनका विस्तार किया जा रहा है। दिल्ली से अंबाला तक दो नए ट्रैक बनाए जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पहले वाले ट्रैकों पर मालगाड़ी, पैसेंजर व अन्य ट्रेनों का आवागमन रहता था जिसके कारण ट्रैक बिजी रहते थे। ट्रेनें भी कई बार समयबद्ध तरीके से नहीं पहुंच पाती थी। निसंदेह इन नए ट्रैक के बनने से ट्रेनों के आवागमन में आसानी होगी। नई ट्रेनों को भी इन ट्रैकों के माध्यम से आवागमन होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो एक्सप्रेस गाडियां है वह भी समय अनुसार पहुंच सकेंगी। इससे यात्रियों को भारी राहत मिलेगी। अंबाला-लुधियाना-जालंधर ट्रैक के बनने से अंबाला, पटियाला, फतेहगढ़, लुधियाना, कपूरथला व जालंधर तक के एरिया को कवर किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से समन्वय के साथ इस कार्ययोजना को सिरे चढ़ाने के निर्देशदिए। उन्होंने यह भी कहा कि इन नए ट्रैकों के बनने के दृष्टिगत जन स्वास्थ्य विभाग, पब्लिक हेल्थ, बिजली विभाग भी यह ध्यान रखे कि ट्रैक के बनने के तहत उनकी कोई पाईप लाइन या अन्य कार्य प्रस्तावित न हो। इस बारे में रेलवे विभाग को अवगत करवाएं ताकि बेहतर समन्वय से सभी कार्यों को किया जाए। उन्होंने कहा कि निसंदेह इस ट्रैक के बनने से रेलवे के कार्यों में विस्तार होगा और आमजन को इसका लाभ मिलेगा।

### मीटिंग में ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त , एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआरओ विकास कुमार, डीएसपी विजय कुमार, रेलवे से संजीव अरोड़ा एडब्लयूई, सुरेश कुमार, एनएचएआई से पुलकित कटारिया, रेलवे से आयाज महमूद, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, कार्यकारी अभियंता हरबंस सिंह, डीटीपी रोहित चौहान, एसडीओ पब्लिक हैल्थ हरमिलाप, जितेंद्र कुमार व तहसीलदार आदित्य भी मौजूद रहे।



बराडा। बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# दुकानदारों के बाहर अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई

- सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराडा

एसडीएम अमित भारद्वाज ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां दुर्घटनाओं की संभावनाओं वाले स्थानों पर चेतावनी साइन और सुरक्षा बोर्ड लगाए जाने चाहिए ताकि सड़क हादसों से बचा जा सके। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि शहर में भारी वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा और हल्के वाहनों के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। यदि कोई वाहन चालक इस गति सीमा से अधिक गति से गाड़ी चलाता है, तो उसका चालान किया जाएगा और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त एसडीएम ने सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका और पुलिस विभाग को अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों से अपील की कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें। इसके लिए तीन दिन का समय दिया गया और रविवार के बाद किसी भी दुकान के सामने अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। इस दौरान कहा कि सड़क पर सामान रखना आमजन की आवाजाही में रुकावट डालता है और जाम की स्थिति पैदा करता है। उन्होंने दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों से अपील की कि वे अपने सामान को दुकान के भीतर रखें।

सरकार के खिलाफ कर रहे प्रदर्शन

# सड़कों पर उतरे 1200 परिवार, मकानों के मालिकाना हक के लिए पंचकूला में प्रदर्शन

## तोपखाना परेड ग्राउंड से चंडीगढ़ के लिए निकले थे पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। पैदल मार्च करते पीड़ित परिवार। फोटो :हरिभूमि

कैंट से घर के मालिकाना हक की मांग को निकले प्रदर्शनकारियों ने पंचकूला में डेरा जमा दिया। पुलिस ने इन प्रदर्शनकारियों को आगे जाने से रोक दिया है। अब प्रदर्शनकारी सेक्टर 5 में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ये प्रदर्शन जागृति मंच के लोगों ने मंगलवार को अंबाला कैंट के तोपखाना परेड ग्राउंड से शुरू किया था। ये लोग सीएम से मिलने जा रहे थे। इन लोगों का कहना है कि है कि अंबाला कैंट में 182 सालों से 1200 परिवार रह रहे हैं। जब भी वे अपने परिवारों के लिए मकान या दुकान बनाने का प्रयास करते हैं, तो रक्षा संपदा अधिकारी द्वारा उन्हें तोड़ दिया जाता है। हाल ही में, 30-35 दुकानों को भी सील कर दिया गया। इस कार्रवाई की वजह से लोगों में गहरा रोष है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 1843 में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने लोगों को जमीन लीज पर दी थी। 1975 में कैंटोनमेंट बोर्ड ने जमीन की लीज खत्म कर दी। कई बार इन जगहों पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई।इन्होंने कहा कि मंत्री अनिल विज ने इन लोगों की मांग को समझा और रक्षा मंत्रालय को अवगत करवाया था। उन्होंने बताया कि 86 करोड़ रुपए के बदले मालिकाना हक मिलने की बात सामने आई जिस पर तोपखाना रोड, दूधला मंडी और हिम्मतपुर के लोगों को फौरी राहत मिली लेकिन पूर्व सरकार 86 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं कर पाई।फिलहाल यह लोग सरकार से मालिकाना हक दिए जाने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले इन्होंने मंत्री अनिल विज से भी मुलाकात की थी लेकिन उन्होंने इस मामले में कोई मदद करने में असमर्थता जता दी। इसलिए अब वो अंतिम उम्मीद लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक राज्य सरकार उनकी मांग पर विचार नहीं करती तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

छात्रों को डॉ. बाजवा के लंबे अनुभव का मिलेगा होगा

# गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल बने डॉ. बाजवा, स्टाफ ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



बुके देकर प्रिंसिपल का अभिनंदन करते स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

अंबाला कैंट के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मंगलवार को डॉ. देशराज बाजवा ने बतौर प्रिंसिपल ज्वाइन किया । उनकी ज्वाइनिंग पर कॉलेज स्टाफ की मीटिंग हुई। उनका विधिवत स्वागत किया गया। स्टाफ सेक्रेटरी डॉ. विनोद ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज के स्टाफ व छात्रों को डॉ. बाजवा के लंबे अनुभव का फायदा होगा। स्टाफ को संबोधित करते हुए डॉ. बाजवा ने कहा कि वे कॉलेज के वातावरण को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने स्टाफ का सहयोग मांगते हुए कहा कि हम सबकी जिम्मेवारी बनती है कि कॉलेज में कक्षाएं सुचारू रूप से लगें व अनुशासन बना रहे। पूरे स्टाफ ने उन्हें हर सहयोग के लिए आश्वस्त किया। डॉ. अजय चौहान ने सभी का धन्यवाद किया। प्रिंसिपल डॉ. बाजवा हरियाणा एजुकेशन सर्विस के 1997 बैच के अधिकारी हैं।उन्होंने अपने शैक्षणिक करियर में अमरीका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए हैं। वे करीब तीन महीने पहले प्रिंसिपल प्रमोट हुए थे लेकिन उन्हें अब ज्वाइनिंग मिली है

### नए शिक्षा सत्र में चॉकलेट देकर छात्रों का किया अभिनंदन




**शहजादपुर।** रावमावि जटवाड़ में प्रवेश उत्सव का शुभारंभ विद्यालय में किया। प्रधानाचार्या के साथ स्टाफ सदस्यों एवं एसएमसी सदस्यों ने नए विद्यार्थियों का तिलक करके, फूलमाला पहनाकर व चॉकलेट के साथ स्वागत किया। सांस्कृतिक परंपरा में हवन करवाकर सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया गया। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हवन में भाग लिया। हवन के बाद सभी उपस्थित विद्यार्थियों को हलवा वितरित किया गया। सभी विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों के लिए गीत गाए जिसका सभी ने आनंद लिया। प्रधानाचार्या ने सभी छात्रों व अभिभावकों को सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों को दी जाने वाली सरकारी सुविधाओं जैसे शिक्षा, वर्दी, भोजन, पुस्तकें, बैग, स्टेशनरी व छात्रवृत्ति आदि के बारे में विस्तार से बताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट प्रतियोगिता हुई

# साड़ी राउंड में तानिया ने मारी बाजी, तरणजोत कौर सूट राउंड में रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराडा

*डॉ इंदु ने बताया कि कॉलेज में सात एड-ऑन कोर्स में कॉस्मेटोलॉजी कोर्स भी शामिल है, जिसके बाद छात्र इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सुषमा रानी ने प्रतियोगिता के महत्व को बताते कहा कि यह कला, कौशल, और रचनात्मकता को निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करती है।*



बराड़ा। विजेताओं को सम्मानित करते हुए कॉलेज स्टाफ।

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में /"बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट/" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कॉस्मेटोलॉजी विभाग की कोऑर्डिनेटर डॉ. सुषमा रानी और इंचार्ज मिस महक की देखरेख में संपन्न हुई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को प्रेरित करते कहा कि इस समय में कॉस्मेटोलॉजी कला का महत्व बहुत बढ़ गया है। यह एक अच्छे कमाई के साधन के रूप में उभर कर आई है। उन्होंने कहा कि मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए छात्रों को मेकअप कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक है। डॉ इंदु ने यह भी बताया कि कॉलेज में सात एड-ऑन कोर्स में कॉस्मेटोलॉजी कोर्स भी शामिल है, जिसके बाद छात्र इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सुषमा रानी ने प्रतियोगिता के महत्व को बताते हुए कहा कि यह कला, कौशल, और रचनात्मकता को निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करती है। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी मेकअप कला का प्रदर्शन किया, जिसमें फेशियल, ब्लीच, पार्टी वियर मेकअप, ब्राइडल मेकअप, हेयर स्टाइल और नेल आर्ट जैसी तकनीकों का समावेश था। निर्णायक मंडल में डॉ. दलजीत कौर, डॉ. सुषमा रानी और हेड क्लर्क करजीत कौर शामिल थे। प्रतियोगिता में तानिया ने साड़ी राउंड, तरणजोत कौर ने सूट राउंड और अनमोल प्रीत कौर ने लहंगा राउंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, ललिता को कंसोलेशन पुरस्कार से नवाजा गया।

### विजेता को किया सम्मानित

*कार्यक्रम के समापन पर, डॉ. इंदु विज ने विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ भी मौजूद था। कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता ने छात्राओं को अपनी कला प्रदर्शित करने और भविष्य में कॉस्मेटोलॉजी क्षेत्र में करियर बनाने के लिए एक प्रेरणा दी।*